राजस्व अपील संख्या 186/2022

अनवान

फुसाराम के का0मु0 चुनाराम वगैरा उपखण्ड अधिकारी बाडमेर वगैरा

दिनांक 13–5–2022

उक्त अपील अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बाडमेर द्वारा मुकइमर संख्या 237/2021 अनवान तहसीलदार बाडमेर बनाम फूसाराम मे पारित आदेश दिनांक 25–11–2021 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है तथा उक्त अपील के साथ स्थगन प्रार्थना पत्र भी पेश किया हुआ होने से स्थगन प्रार्थना पत्र पर अपीलांट अधिवक्ता को सुना जाकर न्यायालय हाजा ने अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आदेश को स्थगित करने से पूर्व तहसीलदार बाडमेर से मौजा धन्ने का तला के खसरा नंबर 841/1074 रकबा 3.10 बीघा भूमि मे से रास्ते के संबंध मे मौका रिपोर्ट तलब की गई । जिसकी पालना मे तहसीलदार बाडमेर ग्रामीण ने उनके पत्रांक राज/2022/96 दिनांक 9–5–2022 के द्वारा मौके की रिपोर्ट अपीलाटगण की उपस्थिति मे तैयार करवाकर प्रस्तुत की गई ।

तहसीलदार बाडमेर ग्रामीण के पत्र के सलंग्न प्रस्तुत मौका रिपोर्ट दिनांक 9–5–2022 जिस पर अपीलांट के भी हस्ताक्षर है, का अवलोकन एवं अध्ययन किया तथा अपीलांट अधिवक्ता को भी सुना गया। जिसके आधार पर अपीलांट की उक्त अपील आंशिक स्वीकार की जाकर अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बाडमेर द्वारा पारित किया गया अपीलाधीन निर्णय दिनांक 25–11–2021 निरस्त किया जाकर प्रकरण उपखण्ड अधिकारी बाडमेर को तहसीलदार बाडमेर ग्रामीण की रिपोर्ट दिनांक 9–5–2022 तथा उसके सलंग्न प्रस्तुत मौका फर्द दिनांक 9–5–2022 अनुसार अपीलांट के खातेदारी के उक्त खसरा नंबर मे से गै.मु.रास्ते बाबत पुनः विधिसम्मत निर्णय पारित करने हेतु प्रतिप्रेषित किया जाता है । तहसीलदार बाडमेर ग्रामीण द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट मय फर्द मौका दिनांक 9–5–2022 तथा सलंग्नको को इस आदेश के अंग शुमार किया जाकर मूल रिपोर्ट मय पत्रादि अधीनस्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बाडमेर को इस न्यायालय के निर्णय की प्रति के साथ प्रेषित किये जाये तथा छायाप्रतियां इस न्यायालय की पत्रावली मे नत्थी हो । पत्रावली फैसलशुमार होकर नंबर से कम हो । निर्णय आज खुले न्यायालय सुनाया गया ।